## Headline

1. WB Doctor's murder: मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने दिया इस्तीफा; तीन जूनियर डॉक्टर समेत चार को पुलिस ने बुलाया
2. SEBI: भाजपा ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर उठाए सवाल, कहा- कारण बताओ नोटिस का बदला लेने के लिए सेबी को बनाया निशाना
3. Sensex Opening Bell: हिंडनबर्ग के नए आरोपों के बाद टूटा बाजार; सेंसेक्स 400 अंक फिसला, निफ्टी 24300 से नीचे
4. UP: राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी की सुरक्षा में तैनात 102 पुलिसकर्मी हटेंगे... इस वजह से लिया गया बड़ा फैसला


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 32 | इंदौर, सोमवार 12 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


मंत्री राजपूत बोले

# पटवारी के लिए संकट खड़ा कर गए कमलनाथ

◆ कार्यकारिणी में हजारों महामंत्री-उपाध्यक्ष, कांग्रेसी परिचय देने तक में शर्माते हैं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पीसीसी चीफ बने करीब सात महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। इसके बावजूद वे प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए हैं। इसे लेकर मप्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने तंज कसा है।**

भोपाल में मंत्री राजपूत ने कहा- जीतू पटवारी कार्यकारिणी इस कारण नहीं बन पा रहे हैं क्योंकि उनके लिए बहुत बड़ा संकट पुराने अध्यक्ष खड़ा कर गए हैं। जीतू पटवारी स्वयं कार्यकारिणी में रहे हैं, उस समय 15-20 महामंत्री होते थे। अब वर्तमान में कांग्रेस पार्टी में हजारों महामंत्री हैं।

### कार्यकारिणी में 4 हजार उपाध्यक्ष, 5 हजार सेक्रेटरी

मंत्री राजपूत ने कहा- एमपी कांग्रेस की कार्यकारिणी में 4000 उपाध्यक्ष और 5000 सेक्रेटरी हैं। ऐसी स्थिति में हजारों तो पदाधिकारी हैं। जीतू पटवारी अगर एक को नहीं बनाएंगे तो सौ लोग नाराज हो जाएंगे। यह संकट शायद उनके दिमाग में चल रहा है, इसलिए कार्यकारिणी नहीं बन पा रही है।

राजपूत ने कहा- गली-गली, चौराहे-चौराहे पर कांग्रेस के महामंत्री हैं। अब अधिकारियों को कार्ड देने में कांग्रेस के महामंत्री, उपाध्यक्षों को शर्म आती है। हमारे सागर में ही 100 उपाध्यक्ष हैं। हम पूछते हैं आप क्या हो? तो वे बताते हैं कि हम महामंत्री हैं, हम कहते हैं कि आपने बताया क्यों नहीं? वे कहते हैं हमें शर्म आती है। अब जीतू पटवारी के सामने यह संकट है कि किसका नाम काटें और किसका जोड़ें, यह संकट उनको हो रहा है।

### दिसंबर में पटवारी को मिली थी एमपी कांग्रेस की कमान

पिछले साल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद एमपी कांग्रेस की कमान कमलनाथ से लेकर जीतू पटवारी को दी गई थी। विधानसभा चुनाव में एमपी की 230 सीटों में से बीजेपी ने 163 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को मात्र 66 सीटें और एक सीट भारत आदिवासी पार्टी ने जीती थी।

पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के साथ ही उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष और हेमंत कटारे को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया था। सात महीने बीतने के बाद भी पटवारी की टीम नहीं बन पाई है।

### लोकसभा चुनाव भी बिना टीम के लड़ा

जीतू पटवारी ने लोकसभा चुनाव भी बिना टीम के ही लड़ा था। पटवारी लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी नहीं बना पाए। अध्यक्ष बनने के बाद से वे करीब आठ-दस बार यह कह चुके हैं कि कांग्रेस की कार्यकारिणी जल्द सामने आएगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तिरंगा लहराया

### ओलिंपियन विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह का किया सम्मान, भोपाल में तिरंगा यात्रा शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल में तिरंगा यात्रा नरेला विधानसभा क्षेत्र में सुभाष आरओबी से शुरू हो गई है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने तिरंगा लहराकर यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर दो बार ओलिंपियन में कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के मिड फील्डर विवेक सागर और शूटिंग में दो बार के ओलिंपियन व अर्जुन अवार्डी ऐश्वर्य प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद हैं। सीएम ने विवेक सागर और ऐश्वर्य प्रताप सिंह का सम्मान किया।

इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और महापौर मालती राय भी मौजूद हैं। मौके पर हजारों लोग हाथों में तिरंगा लिए पहुंचे हैं। यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, युवा और महिलाएं शामिल हैं। सभी में उत्साह नजर आ रहा है। यात्रा में देशभक्ति गीत गूंज रहे हैं। इस मौके पर कई स्कूलों, कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी पहुंचे हैं। यात्रा के कारण तीन ओर से ट्रैफिक बंद किया गया।

यात्रा के स्वागत के लिए 101 मंच लगाए गए हैं, जिनसे सभी समाजों, सभी वर्ग के लोग पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन करने वालों को डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

चांदीपुरा वायरस की आहट...

# बच्चों के लिए बड़ा खतरा, मच्छर और मक्खी से फैलता है संक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खरगोन के 22 साल के एक युवक में चांदीपुरा वायरस जैसे लक्षण मिले हैं। उसे शनिवार को इंदौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट किया है। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। सैंपल पुणे लैब भेजा गया है। खरगोन सीएमएचओ डॉ. एमएस सिसोदिया और इंदौर सीएमएचओ डॉ. बीएस सेतिया ने बताया कि मरीज चांदीपुरा वायरस सस्पेक्टेड है। अगले सप्ताह रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।**

मामला कसरावद क्षेत्र के पीपलगोन में रहने वाले 22 वर्षीय युवक का है। शनिवार को उसे इंदौर एडमिट किया गया था। इस पर इंदौर स्वास्थ्य विभाग ने खरगोन सीएमओ को सूचना दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार दोपहर पीपलगोन में सघन सर्वे भी किया। यहां टीम को अन्य कोई संदिग्ध मरीज नहीं मिला है।चांदीपुरा वायरस नाम सुनने में नया लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं है। इसका पहला केस 1965 में महाराष्ट्र के एक गांव चांदीपुरा में सामने आया था। इसीलिए इसका नाम चांदीपुरा पड़ गया। इस बार मप्र सहित गुजरात और राजस्थान में तेजी से इसके केस बढ़ रहे हैं। इसलिए यह फिर से चर्चा में आ गया है। इस वायरस का संबंध बैकुलोवायरस से है। इसका मतलब है कि यह मच्छर, टिक और सैंड फ्लाई (रेत मक्खी) जैसे वेक्टर के काटने से फैलता है। चांदीपुरा वायरस के लिए कोई विशेष एंटी वायरल उपचार



उपलब्ध नहीं है। चूंकि यह घातक बीमारी है और इसके लक्षण तेजी से बिगड़ सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि जांच में इसका समय पर पता लगाया जा सके और इलाज के समय ठीक से देखभाल हो।

### लक्षण और खतरा

इस वायरस के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, गर्दन की कड़कपन, दौरे, भ्रम और यहां तक कि लकवा भी शामिल हो सकते हैं। इन लक्षणों की तीव्रता तेजी से बढ़ सकती है, जिससे मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। चांदीपुरा वायरस के कारण होने वाली मृत्यु दर काफी उच्च है। विशेषज्ञों के अनुसार, संक्रमित लोगों में से 56 से 75 प्रतिशत तक मृत्यु हो सकती है। यह विशेष रूप से बच्चों के लिए अधिक खतरनाक है। इसके अलावा, इस वायरस के लिए अभी तक कोई विशिष्ट इलाज या वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इलाज मुख्य रूप से लक्षणों के आधार पर किया जाता है।

### सावधानियां

#### कीट नियंत्रण

मच्छरों, टिकों और अन्य कीड़ों से बचाव के लिए कीटनाशक का उपयोग करें और अपने घरों को साफ-सुथरा रखें।

#### मच्छरदानी का उपयोग

विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

#### स्वच्छता

व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखें और अपने आस-पास साफ-सफाई रखें।

## नन्हें रिदित ने निकाली बाल कांवड़ यात्रा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पवित्र सावन माह में भक्त भोले की भक्ति में लीन हैं, तो महादेव को प्रसन्न करने में बच्चे भी पीछे नहीं हैं। रविवार को तुलसी नगर सरस्वती मंदिर से ढोल नगाड़ों, नाच-गाने के साथ भव्य रूप से अनंतेश्वर महादेव मंदिर तक बाल कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा आयोजक की तरफ से बच्चों के लिए चाकलेट, अल्पाहार व उपहार में वाटर कूलर भेंट किए गए, जिससे बच्चे अंत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए। यात्रा का आयोजन रिदित वानखेड़े (पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े का बेटा) ने अपने बाल सखाओं के साथ किया, जिसमें मातृशक्ति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कावड़ यात्रा उज्जैन जायेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पालीवाल ब्राह्मण समाज 24 श्रेणी इंदौर द्वारा आयोजित निशुल्क कावड़ यात्रा ओंकारेश्वर से प्रारंभ हो गई है। 13/14 अगस्त को श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक करेगी। समाज अध्यक्ष राकेश जोशी, अध्यक्ष उत्सव कमेटी शांतिलाल जोशी ने बताया कि समाज द्वारा आयोजित कावड़ यात्रा इस वर्ष 23 वें वर्ष में प्रवेश करती हुई प्रथम विश्राम बाई गांव द्वितीय विश्राम इमली बाजार समाज भवन तृतीय विश्राम सांवेर और चतुर्थ दिवस उज्जैन में ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वरजी का जलाभिषेक करेगी।

## 175 से अधिक जोड़ों ने किया पार्थिव शिवलिंग महारुद्राभिषेक

### नार्मदीय समाज क्षेत्र क्रं. 2 उत्तर इकाई का आठ दिवसीय महारुद्राभिषेक का अनूठा आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मां नर्मदा सांस्कृतिक पारमार्थिक न्यास नार्मदीय ब्राह्मण समाज क्षेत्र क्रमांक 2 द्वारा पवित्र श्रावण मास में अष्ट दिवसीय महारूद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 175 से अधिक जोड़ों ने भगवान शंकर के पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया। वहीं आठ दिनों तक विभिन्न अनुष्ठान किए गए।**



पं. सुनील शर्मा (सकरगाए) ने बताया कि महारुद्राभिषेक आचार्य पं. मधुसूदन उपाध्याय एवं पं. नवीन उपाध्याय के सान्निध्य व आशीर्वचनों से किया गया। आठ दिवसीय आयोजन के सप्तम दिवस रविवार को नार्मदीय ब्राह्मण समाज के 175 जोड़ों ने भव्य महारूद्राभिषेक में शामिल होकर भगवान शिव का अभिषेक किया। इसके पश्चात आठवे और अंतिम दिवस के लिए जहां अवभृत स्नान के लिए 11 नदियों का जल और अन्य सामग्री आयोजन समिति की ओर से सभी जोड़ों को प्रदान की गई।

सप्तम दिवस भव्य महारूद्राभिषेक में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा अध्यक्ष अनिल शर्मा, महेंद्र शुक्ला, सेवानिवृत न्यायाधीश अनिल पारे शामिल हुए। सभी समाजजनों के साथ अतिथियों ने भी जहां नार्मदीय समाज क्षेत्र क्रमांक 2 के द्वारा लगातार किए जा रहे धार्मिक और सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की, वहीं महारूद्राभिषेक पश्चात भोजन प्रसादी भी ली।

इस आठ दिवसीय सफल आयोजन में समिति के सर्वश्री अखिल गुहा, देवेंद्र अत्रे, सतीश नेगी, विश्वनाथ बिल्लोरे, शरद साकल्ले, कृष्णकांत चांद्रायन, संजय टेमले, सुभाष चौरे, अभय टेमले, आशीष काशिव, राजेश चांद्रायण, विजय गार्गव, सचिन जोशी, पंकज खले, अरविंद साकल्ले, संजय शर्मा, जयेश खले, हर्ष पारे, प्रभात सराफ, आनंद शर्मा, अनुपम शर्मा, भुवनेश गीते, शरंज काशिव एवं सुमित जोशी सभी व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा और सभी समाज जन, के सहयोग से सफल आयोजन पूर्ण हुआ।

## बिजली कंपनी के 60 इंजीनियरों को आईटी की उच्च स्तरीय ट्रेनिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के निर्देश और मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य के मार्गदर्शन में उपभोक्ताओं और कार्मिकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (कळ) का अधिकाधिक उपयोग कर कार्य आसान बनाने की हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार और रविवार को दो दिवसीय उच्च स्तरीय सूचना प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण सत्र पोलो ग्राउंड बिजली वितरण कंपनी मुख्यालय में हुआ। इस अवसर पर इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य ने कहा कि आईटी के इस दौर में उपभोक्ताओं और कम्पनी के कामकाज में सुगमता, त्वरितता, स्पष्टता और पारिदर्शिता, एकरूपता लाई जा सकेगी। उपभोक्ता सेवाएं तेजी से संचालित होगी और कंपनी का डाटा, अभिलेख त्रुटि रहित और सुस्पष्ट हो सकेगा। इससे काम कम समय में होंगे और सारी जानकारियां का आटोमैटेड अपडेट होती रहेगी। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्रीगण श्री अभिषेक रंजन, श्री आकाश बंसल, श्री जितेन्द्र भारती, श्री राजेश दुबे,श्री रिजवान खान आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। 60 इंजीनियरों के इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के वक्ताओं सर्वश्री विभोर पाटीदार, आशीष कड़पा, कुमार गौरव, संतोष सलाम, आशीष रघुवंशी, विपुल बड़गैया आदि ने प्रश्नों के माध्यम से भी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। संचालन श्रीमती गरिमा अग्रवाल ने किया।

## लायंस क्लब डिसेन्ट का शपथग्रहण समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लायन्स क्लब आफ इन्दौर डिसेन्ट की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण का आयोजन होटल अप्सरा मे किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवृत्तमान अध्यक्ष ला चपला कुमारा भार्गव ने की ।शपथ ग्रहण समारोह मे शपथ विधिअधिकारी के रुप कर्तव्य और निष्ठा के स्वरूप ला डा कुलभूषण मित्तल, रीजन-10के रीजन चेयरपर्सन ला महावीर गर्ग,झोन चेयरपर्सन ला चपला कुमारा भार्गव, केबिनेट सीईओ द्वय ला एन के मेहता,ला संजय डिंगडांग,डिसेन्ट क्लब की संस्थापिका ला साधना भंडारी ,डिसेन्ट की नवीन कार्यकारिणी ला कुसुम तिवारी,ला अर्चना सिंह तोमर ,ला कुसुम उपाध्याय, ला डा हेमा ढांढ, ला प्रीति जैन ,ला सुरजीत राजपाल ,ला नीता पावड़े ,ला पुष्पा काला ,ला मधु जैन ,ला स्मृति जैन,ला मीता दत्त, ला अनुराधा शर्मा ला अलका पालीवाल,गणमान्य साथी और लायन मित्रों की उपस्थिति रही।इस अवसर मानसिक चिकित्सालय के लांगस्टे होम की महिलाओ के लिए आवश्यक सामाग्री भेंट की गई। मंच संचालन ला प्रीति जैन व आभार ला अर्चना सिंह तोमर ने व्यक्त करा।

# पुराने खतरनाक मकानों में रहकर अपनी जान दांव पर लगा रहे है लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के कई परिवार वर्षो पुराने खतरनाक मकानों में रहकर अपनी जान दांव पर लगा रहे है। इसके पीछे मंशा यह है कि मकान पर कब्जा बना रहे और किराया ज्यादा न लगे। इंदौर में अब ऐसे मकानों को तोड़ने का अभियान छेड़ दिया गया है।**




फिलहाल खतरनाक मकानों की सूची में 99 मकान शामिल किए गए है,लेकिन उन्हें तोड़ना इतना भी आसान नहीं है। खतरनाक मकानों में रहने वाले ज्यादातर परिवार 30-40 सालों से किराए से रह रहे है। लंबे समय से किराएदार रहने के कारण वे कोर्ट में केस लगा देते है। मकान खाली करने के एवज में वे मकान मालिक से राशि भी मांगते है। कई बार मकान मालिक भी उन्हें पैसा देने के बजाए मकान के खतरनाक होकर खुद ब खुद गिरने का इंतजार करते है। इस कारण वे मकान की मरम्मत भी नहीं कराते है। सागर में दीवार गिरने से बच्चों की मौत के मामले में भी संपत्ति विवाद ही था। वे खतरनाक दीवार को हटा नहीं रहते थे, लेकिन सागर के हादसे के बाद इंदौर नगर निगम ने खतरनाक मकानों को लेकर सख्ती शुरू कर दी है। बजाज खाना क्षेत्र में 80 साल पुराने दो मकान तोड़े गए। इन मकानों में परिवार भी रह रहे थे।पहले मकान खाली कराया गया। नीचे दुकानें भी संचालित हो रही थी। आपको बता दे कि अब तक आठ मकान तोड़े गए है। इस माह 20 से ज्यादा मकान तोड़े जाएंगे। आमतौर पर निगम बारिश शुरू होने से पहले अभियान चलता है, लेकिन इस बार नही चलाया। मकानों को नोटिस देकर स्वेच्छा से हटाने को कहा जाता है। शहर में खतरनाक मकान, जूनी इंदौर, राजवाड़ा, सराफा, बाराभाई, बजाजखाना चौक वाले इलाके में ज्यादा है। ज्यादातर मकानों के मामले कोर्ट में है। अब नगर निगम के अफसर इन खतरनाक मकानों की वीडियोग्राफी भी करा रहे है, ताकि वे भी कोर्ट के समक्ष मकानों की स्थिति बता सके।

# 900 किलोमीटर बिना रुके दौड़े कावंड़िए 70 घंटे में गुजरात से इंदौर पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। यह नजारा सुपर फास्ट नान स्टॉप सीताराम डाक कावड़ यात्रा के कावड़ियों का है जो गुजरात संगम स्थल से जल भरकर 900 किलोमीटर बिना रुके दिन-रात दौड़ते हुए 70 घंटे में कावड़ लेकर इंदौर पहुंचे। यहां इंदौर में रामेश्वर महादेव का समुद्र तट के जल से अभिषेक किया। यह यात्रा गुजरात के समुद्र तट का जल लेकर द्वारकाधीश मंदिर से रात्रि 8:30 बजे दौड़ते हुए शुरू हुई थी। इसमें 200 से ज्यादा कावड़िए बारी- बारी से कावड़ लेकर बिना रुके दौड़ लगाते हुए विभिन्न राज्यों के शहरों से गुजरे।



महंत रामजी बाबा के सानिध्य में 70 घंटे के अंदर करीब 900 किलोमीटर की यात्रा इंदौर के कावड़ियों ने डाक कावड यात्रा के दौरान पूरी की। भोले की भक्ति में डूबे कावड़िए दिन-रात दौड़ते हुए कावड़ लेकर सफर हंसते मुस्कुराते सभी कावड़ियों ने तय कर लिए। ये 10 वीं डाक कावड़ यात्रा थी। सीताराम नॉन स्टॉप जर्नी डाक कावड़ यात्रा वो है जिसमें एक कावड़ को बारी-बारी से कावड़िये लेकर दौड़ते हैं। ये कहीं रुकते नहीं हैं दिन रात ये यात्रा जारी रहती है। अनवरत दौड़ते हुए शनिवार शाम कावड़िए इंदौर पहुंचे और शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्कीम 78 स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां महादेव का जल से अभिषेक किया।

# एक्सीडेंट की फर्जी कहानी सुनाकर लूटने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआ इलाके में एक कैफे संचालक को लूटने की कोशिश फेल हो गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। कैफे संचालक ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक साहिल परियानी निवासी अशोक नगर की शिकायत पर पुलिस ने निजामुद्दीन उर्फ निजाम पुत्र शेफुद्दीन निवासी मदीना नगर और उसके साथी कालू मांडा निवासी आजाद नगर पर वसूली का केस दर्ज कराया है। साहिल परियानी ने बताया कि वह तीन ईमली चौराहे पर कैफे चलाता है। शनिवार शाम 6.30 बजे वह अपनी कार नंबर MP09WJ4451 से तीन इमली से नवलखा की तरफ जा रहा था। नेमावर रोड पर दोनों आरोपी ने बाइक से आकर मुझे रोक लिया। एक ने सीधे हाथ की तरफ का गेट खटखटाकर कार रोकने का इशारा किया। कार रोकने पर कहने लगा हमारी बाइक का एक्सीडेंट किया है। 5 हजार रुपए देना होंगे। परियानी ने एक्सीडेंट की बात से इनकार किया तो दोनो ने मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच परियानी को वहां दो दोस्त अक्षय और जयंत जाते हुए दिखे। उनसे मदद मांगी। उनके मौके पर पहुंचने पर एक आरोपी भाग गया। वहीं बाइक पर बैठा युवक निजाम पकड़ा गया। बाद में बाइक सहित आरोपी को थाने ले गए और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस कालू की तलाश कर रही है।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर लाखों रुपए ठगने वाला आरोपी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसका भाई पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। छत्तीसगढ के एक व्यक्ति से आरोपियों ने 16 लाख रुपए ठग लिए थे। एडिशनल डीसीपी ,क्राइम राजेश दंडोतिया के अनुसार बिलासपुर के रहने वाले नितिन जैन ने कुछ समय पहले शिकायत दर्ज करवाई थी कि ग्रोइंग डिजायर एडवाइजरी कंपनी के कर्ताधर्ताओं ने उन्हें शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने और मोटा मुनाफा दिलवाने का झांसा देकर 16 लाख 45 हजार रुपए ले लिए थे । बाद में ना तो मुनाफा दिलवाया ना ही उनकी रकम लौटाई। इस मामले में पुलिस ने जांच की और विजयनगर क्षेत्र में एडवाइजरी फर्म चलाने वाले विकास चौहान निवासी अंबिका नगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उसका भाई सचिन चौहान भी उसके साथ लोगों को ठगने का काम कर रहा था। सचिन की लंबे समय से तलाश थी। उसे भी पकडकर जेल भेज दिया गया है।

# एमपी अचीवर्स अवार्ड से 15 विभूतियों को सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समाचार ग्रह के वार्षिक उत्सव में एमपी अचीवर्स अवार्ड से मध्यप्रदेश की विभिन्न विधाओं की 15 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इंदौर एक अभिनव कला सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार शरद द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि इंदौर के प्रथम नागरिक पुष्यमित्र भार्गव और कलकत्ता से आई बीजेपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता नाजिया इलाही खान मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह चेयर मैन डी एच एल इंफ्राबुल्स ने की। कार्यक्रम में भारत के जवलंत मुद्दो को प्रमुखता से सभी अतिथियों द्वारा उठाया गया। जिसमे बांगलादेश के विद्रोह से लेकर धर्म की आड़ में मोलाओ की करतूत पर चर्चा का विषय बना,देशहित पर विशिष्ठ अतिथियों ने जहां बेबाकी से अपने विचार रखे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ जनसेवा का सशक्त माध्यम समाचार ग्रह के इस आयोजन में एमपी अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित विभूतियों में ग्रामीण एसपी हितिका वत्सल, डिप्टी डायरेक्टर दुर्गेश रायकवार,डॉ. राखी तिवारीविभागाध्यक्ष माखनलाला चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय, वरिष्ठ पत्रकार गोवर्धन डोडिया,वरिष्ठ पत्रकार पीयूष पारे, खुश खंडेलवाल स्टेट हेड राजीव टाइम्स, विजय यादव पूर्व कमांडो,राहुल परमार व्यवसाई,गुरलीन छाबड़ा नगर मंत्री भाजयुमो, ज्योतिषाचार्य विजय वैष्णव,संजय चौहान ए जी एम ओमेक्स सिटी,विशाल जैन ए जी एम ओमेक्स सिटी,गौरव मुछाल सामाजिक कार्यकर्ता, प्रियंका तिवारी समाजिक कार्यकर्ता एवं डीएचएल की बेस्ट सेल्स टीम समिल्लित रही।

# 10 साल के बच्चे का शोषण

## देखरेख करने वाले ने की हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर महू रोड़ पर एक मदरसे के 10 साल के बच्चे के साथ शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। बच्चे ने वहां देखरेख करने वाले गंभीर आरोप लगाए है। इसमें पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। वही मामले की जांच की जा रही है। बडग़ौदा पुलिस ने 10 साल के बच्चे की शिकायत पर मुस्तकिन उर्फ गोलू पर अप्राकृतिक कृत्य करने,पॉस्को एक्ट सहित जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पीडित बच्चे ने रविवार को अपने परिवार के साथ थाने आकर बताया कि वह 2 माह से महू रोड़ पर एक मदरसे में रह रहा है। यहां पर पढऩे वाले बच्चे उसे परेशान कर रहे थे। लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। उसने इसकी शिकायत मौलाना से की। बच्चे ने कहां कि उन्हें डांटे वह मारपीट करते है। बच्चे ने कहां कि वह कमरे में



नही रहेगा। इसके बाद मौलाना ने उसका सामान पैक करवाया और मदरसे की देखरेख करने वाले मुस्तकीन के रूम पर छोड़ दिया। मुस्तकीन पूरे बच्चो की देखरेख करने के साथ वहां खाना बनाता है। वहां मौलाना ने छोड़ दिया। एक सप्ताह पहले शुक्रवार को दोपहर में मदरसे से खाना खाकर सो गया। तब मुस्तकीन आया और तब सोते में मुंह दबाकर बच्चे के साथ गलत काम किया। बच्चे ने उसे हरकत करने से रोका तो आरोपी ने मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी। उसी रात को मुस्तकीन ने फिर से बच्चे का मुंह दबाकर उसके साथ गलत हरकत कर दी। मुस्तकीन ने कहां कि यह बात किसी को बताई तो जान से खत्म कर देगा। दूसरे दिन मदरसे से छुट्‌?टी होने पर बच्चा मुस्तकीन के कमरे पर नही गया। उसने राहगीर से मदद मांगी और अपनी मां का याद किया हुए मोबाइल नंबर पर कॉल कर उन्हें बताया कि यहां अच्छा नही लग रहा। इसके बाद बच्चे की मां आई और लेकर चली गई। मुस्तकीन की हरकतो से डर के चलते घर पर यह बात किसी को नही बताई। भाई और मां ने फिर से मदरसा भेजने की बात कही तब रोते हुए मां को पूरी बात बताई। उन्होंने मामले में थाने आकर शिकायत की।

# प्रतिबंध के बावजूद महाकाल मंदिर गर्भगृह में विधायक के पूजन करने के मामले ने तूल पकड़ा

## कलेक्टर, एसपी में दम है तो विधायक जैन पर प्रकरण दर्ज करें- परमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)। श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद भाजपा विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी ने गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा अर्चना की। यह मामला तुल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस ने भाजपा विधायक पर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।**

शहर में महाकाल मंदिर की व्यवस्था,शिप्रा नदी की दुर्दशा और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस के हल्ला बोल आंदोलन को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में तराना तहसील विधायक महेश परमार ने कहा कि महाकाल मंदिर में उज्जैन उत्तर विधायक श्री जैन ने जिस तरह से नियमों की धज्जियां उड़ाई है, कलेक्टर और एसपी में दम हैं तो विधायक जैन पर भी कार्रवाई करे। विधायक परमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी भाजपा की नियम तोड़ने की परिपाटी रही है। नागपंचमी पर देवास भाजपा विधायक का बेटा गाड़ियों का काफिला लेकर परिसर के प्रतिबंधित क्षेत्र के अंदर तक चला गया। इसके बाद भाजपा विधायक जन्म दिवस पर गर्भगृह में पहुंच गए। नियम और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश सभी के लिए समान है। आम जनता को दर्शन नहीं हो रहे हैं। श्रद्धालुओं को न्याय नहीं मिल रहा है। अगर नियम है तो पालन होना चाहिए। इसकी जगह अगर सामान्य व्यक्ति अगर गलती से भी देहरी पर पहुंच जाता,तो प्रशासन प्रकरण दर्ज कराता। इसलिए इन पर प्रकरण दर्ज होना चाहिए। इस मामले में कांग्रेस पार्षद माया राजेश त्रिवेदी ने भी मंदिर प्रबंध समिति एवं शासन, प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक, मंत्री व नेता गर्भगृह में प्रवेश कर रहे हैं। बाकी विपक्ष के विधायक, नेता व श्रद्धालु 80 फीट दूर से दर्शन करेंगे, यहां भी दलगत आधार पर भेदभाव किया जा रहा है।

### विधायक बिना अनुमति के पूजन करने पहुंचे, आमजन में नाराजगी

ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रबंध समिति ने गत वर्ष 4 जुलाई से गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है.केवल पंडे-पुजारी को ही पूजन अर्चन के लिए प्रवेश की अनुमति रहेगी। लेकिन सत्ता पक्ष के नेता,मंत्री मंदिर के नियमों की धज्जियां उड़ाने में अपनी शान समझते है। शनिवार को महाकाल की नगरी उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नियमों की अवहेलना करते हुए गर्भगृह में प्रवेश कर पूजन किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के सराफा मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी भी थे। मामले में विधायक का कहना था कि कोई प्रतिबंध है तो क्या,मैं तो सोला पहनकर गया था। मंदिर प्रशासक का कहना है कि गर्भगृह में प्रवेश पर पाबंदी का नियम लागू है। शनिवार को मंदिर की ओर से किसी को अनुमति नहीं दी गई थी,बावजूद इसके विधायक नियमों की अवहेलना करते हुए गर्भगृह में पूजन करने पहुंचे।

### कांग्रेस के हल्ला बोल आंदोलन में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे

प्रदेश कांग्रेस द्वारा 16 अगस्त को शहर में आयोजित होने वाले हल्ला बोल आंदोलन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेतागण शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए प्रभारी चंद्रसिंह सौधिया,विधायक दिनेश जैन बोस, शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, जिलाध्यक्ष कमल पटेल, माया त्रिवेदी ने बताया कि महाकाल मंदिर में व्याप्त व्यवस्थाओं,शिप्रा नदी की दुर्दशा,शहर में बिगड़ती जा रही कानून व्यवस्था को लेकर आयोजित होने वाले आंदोलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमेश सिंघार,वरिष्ठ नेता दिग्विजयसिंह,अरूण यादव,सज्जनसिंह वर्मा सहित वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। आंदोलन में प्रदेश भर से करीब 10 हजार कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

# सैंडल लेकर अफसर को मारने दौड़ी पार्षद

## पति ने भी पीटा, जान बचाकर भागा अधिकारी, अंदर से लगाया गेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, (एजेंसी)। छिंदवाड़ा में महिला पार्षद सैंडल लेकर एक अफसर को मारने दौड़ी। आरोप है कि उसने अधिकारी के साथ मारपीट भी की। अधिकारी ने किसी तरह वहां से भाग कर खुद को बचाया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है।**

ये घटना शनिवार को छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा नगर पालिका परिषद की है। यहां लाड़ली बहना और पट्टा वितरण कार्यक्रम में हंगामा हो गया। परिषद के सीएमओ के साथ दो महिला पार्षदों और पतियों ने मारपीट की। आरोपी महिला पार्षद कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने से नाराज थीं।

शनिवार को ही देर रात दोनों महिला पार्षद और उनके पतियों समेत 9 लोगों पर केस दर्ज हुआ। रविवार को हंगामे के वीडियो सामने आए।अमरवाड़ा टीआई राजेंद्र धुर्वे के मुताबिक, सीएमओ ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके साथ चप्पलों से मारपीट की गई। जातिगत अपमान किया। आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा और मारपीट में केस दर्ज किया गया है।

**पति और समर्थकों के साथ धरने पर बैठीं दोनों पार्षद-** अमरवाड़ा नगर परिषद में शनिवार को लाड़ली बहना सम्मेलन और पट्टा वितरण कार्यक्रम था। पार्षद संतोषी वंशकार और दीपा सूर्यवंशी को आमंत्रण नहीं मिला। पार्षद संतोषी, पति दुर्गा वंशकार और दीपा, पति मुकेश सूर्यवंशी के अलावा स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंचीं और धरने पर बैठ गईं। कहने लगीं कि सरकारी कार्यक्रमों में भी हम लोगों से भेदभाव किया जाता है। पट्टा वितरण भी चहेते लोगों को किए जा रहे हैं।

**सांसद की समझाइश के बाद धरना खत्म किया-** कार्यक्रम में पहुंचे छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू ने समझाइश दी। तब पार्षदों ने धरना प्रदर्शन खत्म किया। इससे पहले नगर पालिका के सीएमओ रोशन सिंह बाथम के साथ धक्का-मुक्की भी की गई। सीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया।

# दो बार गला काटा, फिर ट्रेन के आगे कूदा

## बिहार के युवक का खंडवा में सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)। खंडवा रेलवे स्टेशन पर बिहार के एक युवक ने ट्रेन से कटकर सुसाइड कर लिया। वह दोस्तों के साथ काम की तलाश में मुंबई जा रहा था। ट्रेन के आगे कूदने से पहले उसने दो बार अपना गला काटकर जान देने की कोशिश भी की थी।**

युवक की पहचान बिहार निवासी विनेश (43) पिता शगम लाल के रूप में हुई है। उसके दोस्त सुंदर कुमार ने बताया, ह्हम 10-12 लोग बिहार से मुंबई मजदूरी करने निकले थे। गुरुवार को पटना से जनता एक्सप्रेस में बैठे थे। शुक्रवार दोपहर 2 बजे हरदा स्टेशन पर विनेश ने कहा कि उसे भूख लगी है। वह स्टेशन पर खाना लेने गया। इतने में ही ट्रेन चल दी, विनेश चढ़ नहीं पाया।

कुछ देर बाद विनेश का फोन आया। उसने कहा- पैसे खत्म हो गए हैं। मुझे 500 रुपए ऑनलाइन डाल दो। मैं अगली ट्रेन पकड़कर मुंबई आ जाऊंगा। हम लोग कसारा तक पहुंचे और सोचा कि वापस चलकर उसको साथ ही ले आते हैं। उसको फोन किया तो पता लगा कि वो हरदा से मुंबई के लिए दूसरी ट्रेन में बैठ गया है। कुछ देर बाद जीआरपी से फोन आया कि विनेश के साथ कोई घटना हुई है।

तबीयत खराब होने के बाद ट्रेन से उतरा था

खंडवा जिले की मोघट पुलिस के मुताबिक, ह्यविनेश बिहार में पूर्णिया जिले के बागदड़ गांव का रहने वाला था। गुरुवार को घर से निकलने के बाद ट्रेन में ही उसकी तबीयत खराब हो गई थी। वह शुक्रवार को हरदा में खाना लेने के लिए उतरा था। करीब एक घंटे बाद मुंबई के लिए दूरी ट्रेन में चढ़ा। दोपहर 4 बजे खंडवा स्टेशन पर उतर गया। घूमते-घूमते देर शाम को शहर के माता चौक पर पहुंचा। यहां उसने सब्जी काटने वाला चाकू खरीदा और आत्महत्या की कोशिश की। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार सुबह 10 बजे अस्पताल में ही उसने फिर अपने पास रखे चाकू से गर्दन काटने की कोशिश की। अस्पताल स्टाफ ने सुरक्षाकर्मियों को सूचना दी। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दिया

पुलिस ने दोपहर 1 बजे तक थाने में बैठाकर विनेश से पूछताछ की। इस दौरान वो बार-बार मरने की बात कहता रहा। आखिर में पुलिस ने उसे डायल 100 वाहन से मार्केट में छोड़ दिया। विनेश घूम-फिरकर फिर रेलवे स्टेशन पहुंच गया। दोपहर करीब 3 बजे मालगाड़ी के सामने कूद गया।

# 'लहरों के राजा' ने तेज बारिश में बीच लहरों पर तिरंगा लहराया

## नदी तैरकर मनाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (निप्र)। इस वर्ष भी लहरों के राजा ग्रुप के सदस्य द्वारा आमना नदी गंगौर घाट पर सदस्यों द्वारा खंडवा में हर घर तिरंगा अभियान को अनोखे तरीके से मनाया जा रहा है. तैराक युवाओं के समूह ने नदी में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया. 15 अगस्त तक निरंतर आयोजन जारी रहेगा।**

देश में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है. खंडवा में अभियान को अनोखे तरीके से मनाया जा रहा है. तैराक युवाओं के समूह ने नदी में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया. इतना ही नहीं तैराकी करते हुए बीच नदी में भारत माता के जयकारे भी लगाए गए. लोगों ने तैराकों के काम की सराहना कर रहे हैं. आपको बता दें कि तैराक दल नदी में तैर कर शरीर को फिट रखने का गुर सिखाता है.आमना नदी का दृश्य लोगों को बहुत अच्छा लग रहा है. तैराक युवाओं ने बीच पानी में तिरंगे झंडे को फहराकर सलामी दी है. तैराक दल लहरों के राजा ग्रुप का तिरंगा अभियान 15 अगस्त तक जारी जारी रहेगा. बता दें कि इस बार देश स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है. इसी कड़ी में लहरों के राजा ग्रुप ने अबना नदी के बीचोबीच गहराई में उतरकर तिरंगा फहराया।

तिरंगा यात्रा में सभी समुदाय और धर्मों के लोग शामिल हैं. सारे लोगों ने राष्ट्रीय भक्ति का परिचय दिया है. आयोजन 15 अगस्त तक निरंतर जारी रहेगा. पूर्व में निकाली गई पानी पर तिरंगा यात्रा का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ट्वीट कर बधाई भी दी थी सदस्यों को प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट पर बधाई देने पर युवा इस यात्रा को और जोश से हर वर्ष निकाल रहे हैं,नदी के पानी में तिरंगा यात्रा निकालने का उद्देश्य ये है कि देशभक्ति के साथ लोगों की सेहत भी बनी रहे। ये अनोखी तिरंगा यात्रा देशभर में अपने आप में एक अनोखी मिसाल है। यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि इसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई यानी धर्मों के लोग शामिल हुए हैं।

इस तिरंगा यात्रा में राजकुमार सिसोदिया संजय शर्मा गजेंद्र मालवे अरविंदसिह सचदेव अभिषेक जायसवाल अनिल रघुंवशी राजेश सिकलीगर गोपीकिशन सोनी निमिश भंसाली यूसुफ राजा, गणेश ,दीपक प्रजाति, हर्षभान तिवारी अब्देअली सनवाला,प्रहलाद सोनटके, प्रतिक्षा तिवारी , भरत जत्थाप, रवीश मोर्य,खोजिम अली तलीब बाबा हुसेन अली,रवि पांचाल,शुक्ला जी,संजीव सोनी, मनीष गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

# एक साथ 30 केंचियों से हेयर कट कर बनाया नया वर्ल्ड रिकार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (निप्र)।** नगर के एक युवा ने एक साथ 30 केंचियों से हेयर कट कर बनाया नया वर्ल्ड रिकार्ड कायम किया है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस के बाद वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकॉर्ड लंदन में नाम दर्ज हुआ है। नगर के युवा आदित्य पिता जगदीश चंद्र देवड़ा फ्रीगंज में क्रिएशन वर्ल्ड द यूनिसेक्स सेलून के नाम से सेलून संचालित करते है। आदित्य ने एक साथ 30 केंचियों से हेयर कट बना कर वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकॉर्ड लंदन में नाम दर्ज कराया है। आदित्य की इस उपलब्धि पर सांसद अनिल फिरोजिया ने सम्मान कर बधाई दी है।

## संपादकीय

# तकनीक का संजाल

आज बहुत सारे कामों के लिए स्मार्टफोन और कंप्यूटरों पर निर्भरता बढ़ती गई है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि आज ज्यादातर लोग जिस तरह स्मार्टफोन में खोए रहते हैं, वह इसकी उपयोगिता के बरक्स एक विरोधाभासी स्थितियां पैदा कर रहा है। चिंता की बात यह है कि शहरों-महानगरों में ऐसे तमाम बच्चे हैं, जिनकी सुबह मोबाइल के स्क्रीन के साथ होती है, उनका ज्यादातर वक्त उसी के साथ कटता है। ऐसे में बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर पड़ने वाले असर का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की एक रपट में भी यह साफ कहा गया है कि मोबाइल या स्मार्टफोन के नजदीक रहने से विद्यार्थियों का ध्यान भंग होता है और उससे सीखने की क्षमता पर नकारात्मक असर पड़ता है। यूनेस्को के मुताबिक, विद्यार्थी अगर निश्चित सीमा से ज्यादा स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं तो इससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा आती है। गौरतलब है कि आज बहुत सारे घरों में बच्चों को जरूरत के तर्क पर स्मार्टफोन तक आसान पहुंच तो दी गई है, लेकिन ज्यादातर बच्चों का बहुत सारा वक्त अब मोबाइल के स्क्रीन में कटता है। इससे न केवल उनकी पढ़ाई-लिखाई की सहजता और ज्ञान की ग्राह्यता बाधित हो रही है, बल्कि उनके स्वभाव में भी बदलाव दर्ज किए जा रहे हैं। कई बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग किसी लत की तरह करते हैं और मना करने पर उनके भीतर अस्वाभाविक प्रतिक्रिया देखी गई है। इसके मानसिक प्रभावों के समांतर ही ज्यादा समय तक मोबाइल के स्क्रीन में खोए रहने से शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसमें नींद से लेकर खानपान की आदत में बदलाव हो सकता है। मोटापा बढ़ने और शारीरिक सक्रियता में भी कमी आ सकती है, जो सेहत के अन्य पहलुओं को प्रभावित करता है। बच्चों पर इसके गंभीर असर को देखते हुए दुनिया के कई देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधुनिक तकनीकों के उपयोग की सीमा वही होनी चाहिए, जिससे मनुष्य के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य की गुणवत्ता बेहतर हो, न कि उसके असर से वह धीरे-धीरे छीजने लगे।

### अर्ज़ किया है..!

*हज़ारों साल सफ़र कर*
*के फिर वहीं पहुँचे*
*बहुत ज़माना हुआ था*
*हमें ज़मीं से चले*

*- वहीद अख़्तर*

## OSHO कहिन

**सच्ची प्रार्थना सिर्फ धन्यवाद देना है, बस एक साधारण सा धन्यवाद पर्याप्त है।**



## सैर सपाटा

### 15 अगस्त और रक्षाबंधन की छुट्टियों में

# घूमने के लिए नहीं समझ आ रही डेस्टिनेशन

जो लोग घूमने के शौकीन होते हैं तो वह अक्सर लंबी छुट्टियों ता इंतजार करते हैं। अगर आप भी लंबी छुट्टियों में घूमने जाते हैं तो 15 अगस्त और रक्षाबंधन पर मिलने वाली छुट्टियां आपके लिए हैं। इस दौरान आपको 5 दिन की छुट्टी मिल सकती हैं। ऐसे में डेस्टिनेशन सिलेक्ट करने में दिक्कत हो तो यहां देखिए कुछ जगह जहां आप जा सकते हैं।



### सिक्किम

सिक्किम को पूर्वोत्तर भारत में सात बहनों का भाई कहा जाता है। ये जगह अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। प्राचीन झीलों और झरने के झरनों से लेकर गर्म झरनों और भारत के सबसे ऊंचे पहाड़ों की ऊंची चोटियों तक, सिक्किम में घूमने के लिए काफी जगह हैं। 15 अगस्त-राखी की छुट्टियों में आप इस खूबसूरत जगह पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

### पंचगनी

ये जगह पर्यटकों को आकर्षित करती है। पंचगनी मुंबईकरों और पुणे के लोगों के लिए एक फेमस वीकेंड प्लेस है। यह भारत की ठंडी जगहों में से एक है। पंचगनी खूबसूरती से पांच हरी-भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता और सुहावना मौसम एंजॉय करने लायक होता है।

### ऊटी

ऊटी दक्षिण भारत का एक खूबसबरत हिल स्टेशन है। यहां का नजारा बहुत अलग सुंदर होता है। हरे-भरे जंगल, सुंदर बगीचे, बड़े डैम से घिरी झिलमिलाती झीलें और पहाड़ियों के बीच ये जगह आपको खुश कर देंगी।

### गंगटोक

गंगटोक सिक्किम राज्य का सबसे बड़ा शहर है। ये जगह हिमालय पर्वत माला पर शिवालिक पहाड़ियों के ऊपर 1437 मीटर की ऊंचाई स्थित है। त्सोमो झील, बान झाकरी, ताशी व्यू पॉइंट जैसी जगहों पर जरूर जाएं।

### पांडिचेरी

इस जगह के पर्यटक आकर्षणों में भारतीय और फ्रांसीसी का मेल खूबसूरती से दिखता है। आकर्षक गलियों से लेकर प्राचीन समुद्र तटों और कोलोनियल इमारतों तक, यहां देखने के लिए काफी कुछ है। भारत के आकर्षणों में से एक इस फ्रांसीसी शहर में छुट्टियां मनाने के लिए यहां जा सकते हैं। पांडिचेरी में घूमने जाएं तो यहां की खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर जरूर करें।

Bihar

# भगदड़ में सात कांवरिया की मौत

## जहानाबाद के सिद्धेश्वरनाथ में हादसा, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**जहानाबाद, (एजेंसी)** सावन की चौथी सोमवारी पर जहानाबाद से बड़ी और बुरी खबर आई है। श्रावणी मेला के दौरान बड़े हादसे की खबर है। मंदिर में मची भगदड़ में दबकर कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि एक दर्जन से अधिक शिवभक्त घायल हो गए हैं। मरने वालों में छह महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। घटना जहानाबाद के बराबर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर क्षेत्र की है। मौके पर प्रशासन की टीम पहुंच गई है। मेला परिसर में तैनात सुरक्षा बलों और स्वयंसेवकों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है।



इससे पहले तीसरी सोमवारी पर वैशाली के हाजीपुर में हादसा हुआ था जब बिजली के करंट की चपेट में आकर 9 श्रद्धालुओं की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। गंगाजल उठाने पहलेजा जा रहे शिवभक्तों की टोली का डीजे रथ हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया था। जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार की देर रात करीब 1:00 बजे की है। बताया जा रहा है कि बराबर पहाड़ी पर चढ़ने के क्रम में सीढ़ी पर भगदड़ मच गई जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। जान बचाने की कोशिश में श्रद्धालु भागने लगे। इसी दौरान लगभग दो दर्जन लोग जख्मी हो गए। इनमें से 16 घायलों को जहानाबाद सदर अस्पताल और मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भेजा गया। डॉक्टर ने इनमें से छह को मृत घोषित कर दिया।

Rajasthan

◆ बाणगंगा नदी के किनारे बनी पोखर की पाल टूटी

## हादसे में सात नवयुवकों की डूबने से मौत



**भरतपुर, (एजेंसी)** जिले में बयाना इलाके में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहां गांव के बगल से निकल रही बाण गंगा नदी में डूबने से सात नवयुवकों की मौत हो गई है।

अचानक हुए हादसे के बाद हड़कंप मच गया और ग्रामीणों ने एक घंटे के रेस्क्यू के बाद सभी नवयुवकों को बाहर निकाला, जिनमें कुछ के शव भरतपुर पहुंच चुके हैं। जिले के बयाना उपखंड की ग्राम पंचायत फरसो के गांव श्रीनगर से होकर निकल रही बाण गंगा नदी में मिट्टी का टापू ढहने से सात नवयुवकों की मौत हो गई।

**नदी के किनारे मिट्टी खोदना पड़ा भारी-** जानकारी के अनुसार गांव के लोग नदी के किनारे के मिट्टी खोदकर निकाला करते थे, जिसके चलते वहां जगह-जगह पर गहरे गड्ढे हो गए थे और मिट्टी के टीले बन गए थे। इस कारण वहां से होकर गुजर रही बाण गंगा नदी के किनारे बने मिट्टी के ढीले पर खड़े होकर सात नवयुवक नदी के तेज बहाव को देख रहे थे। उसी दौरान मिट्टी का टीला ढह गया। हादसे में सातों नवयुवक उन गहरे गड्ढों में डूब गए।

**एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची-** हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव घटना स्थल पर पहुंचे और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचीं। राहत बचाव कार्य करते हुए सात नवयुवकों के शवों को बयाना की झील का बाड़ा सीएचसी पर लाया गया।

Punjab

## पंजाब की खड्ड में बही गाड़ी ऊना के नौ लोगों की मौत

**दो लापता, एक रेस्क्यू; शादी में होना था शामिल**

**मैहतपुर (ऊना), (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश से लगते पंजाब के जेजों गांव में रविवार सुबह करीब 10 बजे एक इनोवा कार खड्ड के तेज बहाव में बह गई। इससे कार में सवार ऊना के नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। एक अन्य हादसे में भारी बारिश के चलते ऊना के टाहलीवाल में बाथड़ी खड्ड में दो बहनों समेत तीन बच्चियों की बहने से मौत हो गई, जबकि दो लापता हैं। उधर, भारी बारिश के बीच किन्नौर के पूह के काह में बादल फटने से नेशनल हाईवे-5 बाधित हो गया। इससे किन्नौर का संपर्क स्पीति से कट गया। वहीं, सिरमौर में एक मंदिर खड्ड में बह गया। भारी बारिश के चलते ऊना शहर में जलभराव हो गया। जानकारी के अनुसार ऊना के लोअर देहलां गांव के सुरजीत सिंह (55) को पंजाब के जेजों के मेहरोवाल गांव में रिश्तेदार के यहां शादी थी। समारोह में सुरजीत, पत्नी परमजीत कौर, बेटा गगनदीप (19), दीपक (22), भाई रामस्वरूप, पत्नी पलविंद्र कौर, बेटा नितिन, भटोली गांव निवासी उनकी साली शीनू देवी पत्नी अमरीक सिंह, उनका बेटा हर्षित, बेटी भावना तथा मन्नत वाहन में जा रहे थे। उन्होंने देहलां निवासी कुलविंद्र कुमार की गाड़ी किराये पर बुक की और सुबह समारोह के लिए निकले। दुलैहड़ क्षेत्र पार करने के बाद जब वे जेजों पहुंचे तो खड्ड उफान पर थी।

Noida

## नोएडा में बड़ा हादसा, पोल से टकराई बेकाबू कार, सगे भाइयों समेत तीन की मौत

**नोएडा, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के मयूर चौराहे के सामने एक तेज रफ्तार कार पोल से टकरा गई। टक्कर के बाद कार पर सवार तीन युवक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां तीनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों में दो की पहचान नोएडा एक्सटेंशन निवासी ईशान और आर्यन के रूप में हुई है। दोनों पाम ओलंपिया सोसाइटी में रह रहे थे। एक अन्य मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

तीनों युवक कहीं से जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के बाद जब घर लौट रहे थे तभी सुबह 7:15 बजे के करीब हादसा हुआ। आशंका



जताई जा रही है कि झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और पोल से जाकर टकरा गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक जिस समय हादसा हुआ कार की गति काफी ज्यादा थी। हादसे में कार भी पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में तीन युवकों की मौत हुई है। दो युवकों की पहचान हो गई है। दोनों नोएडा एक्सटेंशन में रहते थे।

खेल

# अफगानिस्तान के इस बल्लेबाज पर लगा पांच साल का बैन, मैच फिक्सिंग के मामले में ICC ने लिया फैसला

**नई दिल्ली। अफगानिस्तान के धाकड़ बल्लेबाज इंशानुल्लाह जनत को मैच फिक्सिंग के आरोपों के कारण पांच साल के लिए बैन कर दिया गया है। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने सात अगस्त को लिया। इसके अलावा बोर्ड तीन अन्य क्रिकेटरों की जांच कर रही है।**

अफगानिस्तान के युवा बल्लेबाज इंशानुल्लाह जनत पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगा है। इस मामले पर कार्रवाई करते हुए आईसीसी ने सलामी बल्लेबाज को पांच साल के लिए बैन कर दिया है। इंशानुल्लाह अफगानिस्तान की तरफ से टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों प्रारूप में क्रिकेट खेल चुके हैं।



जानकारी के मुताबिक, इंशानुल्लाह जनत को काबुल प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण में एंटी करप्शन कोड के उल्लंघन में दोषी पाया गया है। आईसीसी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, सलामी बल्लेबाज के अलावा बोर्ड तीन अन्य क्रिकेटरों की भी जांच कर रहा है। इस पर जल्द फैसला सुनाया जाएगा। हालांकि, अब तक इनके नामों का खुलासा नहीं किया गया है।

सिनेमा

## फिर मचेगा धमाल, लौट रहा कपिल शर्मा शो, 'बॉलीवुड की फैबुलस वाइव्स' बनेंगी पहली गेस्ट



अपनी कमर की पेटी बांध लीजिए...क्योंकि एक बार फिर आप हंस-हंसकर लोटपोट होने वाले है. जी हां, कॉमेडी किंग कपिल शर्मा अपना मोस्ट पॉपुलर कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' एक बार फिर लेकर आ रहे हैं. इस खबर के बाद कपिल के फैंस भी खुशी से गदगद हो गए हैं. IndiaToday.in को सूत्रों ने बताया है कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सेकंड सीजन जल्द ही आने वाला है. जानकारी के मुताबिक, शो की टीम नए सीजन के लिए मंगलवार (13 अगस्त) से शूटिंग शुरू करेगी. शो के पहले एपिसोड के लिए 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' की कास्ट स्पेशल गेस्ट बनेगी. बता दें कि सोनी टीवी पर सालों तक राज करने के बाद कपिल शर्मा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अपना 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लेकर आए थे. नेटफ्लिक्स पर कपिल के शो का पहला एपिसोड 30 मार्च 2024 को स्ट्रीम हुआ था, जबकि आखिरी एपिसोड 22 जून 2024 को ऑन एयर हुआ था. कॉमेडी शो के पहले सीजन में सिर्फ 13 एपिसोड देखने को मिले थे.

## Highlights

1. **DMK MP expresses irritation as Dubey interferes during LS speech**
2. **It's for the betterment of Waqf: J&K Waqf chief on Waqf Bill 2024**
3. **Crime committed spontaneously, accused was drunk: Police on doctor's rape-murder**
4. **1.5-year-old girl crushed to death in front of parents by SUV in UP mall's parking lot**
5. **Rahul Gandhi & Chirag Paswan to become neighbours in Delhi: Report**

# Elon Musk's X faces privacy complaints in Europe over data use: 'No consent'

**NEW DEIHI, (Agency).** A Vienna-based privacy campaign group lodged complaints in eight European countries against Elon Musk's X on Monday over "unlawfully" feeding the personal data of users into its artificial intelligence technology without their consent.

The complaints filed by the European Center for Digital Rights -- also known as Noyb ("None of Your Business") -- come after Ireland's Data Protection Commission (DPC) earlier this month took court action against X over its data collection practices to train its AI.

X had recently started "irreversibly feeding" the personal data of more than 60 million European users into its Grok AI technology, "without ever informing them or asking for their consent", according to Noyb.



Noyb slammed X for "never proactively informing" its users that their data is being used for AI training, saying many people appeared to have "found out about the new default setting through a viral post on 26 July".

Last week the DPC - which acts on behalf of the European Union - said that X had agreed to suspend its much-criticised processing of users' personal data for its AI technology.

But Noyb founder Max Schrems said in a statement that the DPC failed to "question the legality" of the actual processing, seemingly taking action "around the edges, not at the core of the problem".

Noyb also warned that it remained unclear what happened with already ingested EU data.

Calling for a "full investigation", Noyb has filed complaints in Austria, Belgium, France, Greece, Ireland, Italy, the Netherlands and Spain.

# Ola Electric shares soar, rise 41% over IPO price: Should you buy, sell or hold?

**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric shares rose 17% today as the stock extended its upward trend from last session when high investor demand was seen. The stock of largest e-scooter manufacturer in India rose 20% over the maximum permitted price of ₹91.20, more than the ₹76 per share initial public offering price on Friday.




The ₹6,145-crore initial public offer drew 4.27 times subscription on the last day of bidding (August 6). The IPO opened on August 2 at a price band of ₹72-76 per share.

Prashanth Tapse, Research Analyst, Senior Vice President of Research at Mehta Equities, said, "Despite receiving demand well below street expectation, Ola Electric share price listed on a flat rate, the fear of discounted listing was out of woods and huge buying was seen post listing. The long term story is intact and markets are focusing on news that Ola Electric Bike to Launch in India on August 15. Considering all the factors, we advise only risk taking investors to continue to hold with a minimum holding period of 2-3 years and recommend to accumulate on every dip to be part of long term journey."

# रेडियो एसीपी से अभद्रता सरकारी गाड़ी पर पथराव

## युवकों ने कांच फोड़े, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रेडियो एसीपी के साथ अभद्रता और हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी पड़ोस में ही किराये से रहते हैं। आरोपियों ने सरकारी वाहन का कांच भी फोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है।**

एरोड्रम पुलिस ने पुलिस कंट्रोल रूम में पदस्थ रेडियो एसीपी सुभाष सिंह की शिकायत पर धर्मेंद्र यादव और उसके साथी के खिलाफ अभद्रता करने, हमला करने की कोशिश करने और सरकारी गाड़ी में पथराव कर तोडफ़ोड़ करने के मामले में केस दर्ज किया है।

सुभाष सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि वह रविवार को अपनी सरकारी जिप्सी से अपने घर पंचवटी नगर जा रहे थे। अपने घर के पास पहुंचने पर दो घर छोडक़र धर्मेन्द्र यादव ने दो लोडिंग गाड़ी अपने घर के बाहर खड़ी की थी। और अपनी बाइक दूसरी तरफ लगाई थी। धर्मेन्द्र की बाइक से सरकारी जिप्सी का पिछला हिस्सा टच हो गया।

इस बात पर धर्मेन्द्र और उसका साथी घर के बाहर आया। गालियां देकर धमकाने लगे। एसीपी ने उसे समझाया कि वाहन एक तरफ खड़े किया करो। ताकि दूसरे वाहनों को दिक्कत नहीं आए। इस पर धर्मेंद्र उत्तेजित हुआ और शासकीय जिप्सी पर पत्थर उठाकर मारा। जिसमें आगे का कांच फूट गया। वहीं जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ने बताया कि पूरी घटना उनके यहां लगे कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

# छात्रा ने दोस्ती से इनकार किया तो उसके पिता को भी दी धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पलासिया में नीट की छात्रा को परेशान कर मोबाइल पर धमकाने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्र छात्रा को पहले से जानता है। वह मोबाइल पर कॉल कर छात्रा को दोस्ती के लिए धमका रहा था। छात्रा नहीं मानी तो उसक` माता-पिता को परेशान करना शुरू कर दिया। इसके बाद छात्रा ने पुलिस से शिकायत कर दी।

पलासिया पुलिस के मुताबिक छात्रा गीता भवन स्थित कोंचिग से नीट की तैयारी कर रही है। उसने बताया कि एक साल पहले उसकी दोस्ती सार्थक श्रीवास्तव से हुई। पढाई के लिए सोशल मीडिया पर बने स्टडी ग्रुप में सार्थक भी जुड़ा था। उसने मेरा नंबर वहीं से लिया। उससे अकसर पढ़ाई के संबंध में बात होती थी। लेकिन 12वीं का रिजल्ट आने के बाद बातचीत बंद हो गई। इसके बाद मैंने नया नंबर ले लिया। यह नंबर सार्थक ने मेरी सहेली से लिया और मुझे कॉल किया। मैंने बातचीत करने से मना किया तो वह मुझे गालियां देने लगा। इसके बाद उसने मेरे पिता को फोन किया। उन्हें धमकी दी कि घर में घुसकर बेटी को काटकर फैंक दूंगा। वह अलग-अलग नंबरों से छात्रा और उसके माता-पिता को कॉल कर धमकियां देने लगा। इससे परेशान होकर छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया ।

# सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी करने वाली महिला की कई थानों में दर्ज हैं शिकायतें

### पीथमपुर का पीडित पहुंचा था संयोगितागंज एसीपी की शरण में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर महिला द्वारा ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत की है। पीड़ितों से महिला ने अभी तक 39 लाख रुपए की ठगी कर डाली है। महिला के खिलाफ कई थानों में शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं।

पीथमपुर निवासी रोहित चौहान (28) ने बताया कि साल 2022 में वो आरोपी महिला रवीना से मिला था,वह टीसीएस में गार्ड की नौकरी करता था। रवीना ने उसे महिला बाल विकास विभाग में सुपर वाइजर की नौकरी दिलवाने का झांसा देकर तीन लाख ले लिए। उसके बाद वहां नौकरी नहीं लगी तो एग्रीकल्चर विभाग में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी का झांसा दिया। वहां भी बात नहीं बनी तो रेलवे के पार्सल विभाग में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। फरवरी 2023 में रोहित और एक अन्य निलेश नामक व्यक्ति को ट्रेनिंग के लिए मुरैना तक भेजा। 7-8 दिन बाद दोनों को वापस बुलवा लिया। उसके बाद महिला ने रोहित को डाक विभाग में भर्ती करवाने का कहा। जब रोहित की नौकरी नहीं लगी तो पैसा वापस मांगा। टुकड़ों-टुकड़ों में करीब 40 हजार वापस किए बाकी पैसे अभी तक नहीं मिले हैं। इसके बाद रोहित कई थानों पर भटका और अंततः संयोगितागंज एसीपी को शिकायत की।

एसीपी तुषार सिंह का कहना है कि रवीना ने खुद थाने पर शिकायत की थी कि उसे कुछ लोग रूपयों के लिए परेशान कर रहे हैं। इस पर उन सभी को बुलाया गया था। इस पर रोहित चौहान सहित अन्य तीन लोग आए उन्होंने बताया कि उनसे रवीना ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपए वसूले और अब लौटा नहीं रही है। इस पर रवीना से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि जो एग्रीमेंट उनके पास है उसमें उसके हस्ताक्षर नहीं है और इन सभी लोगों ने अलग अलग थानों में उसकी शिकायत कर रखी है। इस पर एसीपी तुषार सिंह ने संबंधित थानों में संपर्क किया तो पता चला कि वहां रवीना की पहले से शिकायत दर्ज है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक